अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2017 1
संकाय समाचार 2
एन. सी. सी. 7

दयालबाग़ एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी)
दयालबाग़, आगरा (उ. प्र.)

# डी.ई.आई. समाचार

अप्रैल–जून 2017
अंक दस



## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2017

21 जून, 2017 को दयालबाग़ शिक्षण संस्थान के विज्ञान संकाय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार थे।

दयालबाग़ शिक्षण प्रणाली के अनुरूप कार्यक्रम का आरम्भ प्रार्थना से हुआ, तत्पश्चात् योगासनों का विधिवत् प्रदर्शन किया गया। डॉ. स्वामी दयाल सिन्हा, संगीता सिन्हा, और अभिनव सिन्हा ने प्रभावकारी ढंग से प्रत्येक योगासन के लाभ की व्याख्या करते हुए योग प्रदर्शन किया। इस वर्ष संस्थान में आयोजित योग दिवस का मूल उद्देश्य मोटापे पर नियंत्रण की प्रेरणा देना था। मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार ने योग और मनुष्य जीवन के आपसी संदर्भों एवं सम्बन्धों पर विभिन्न पहलुओं



से व्याख्यान प्रस्तुत किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने योग के इतिहास परम्परा एवं उसकी उपयोगिता पर रोचक ढंग से प्रकाश डाला।

योगाभ्यास में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। निर्णायक के रूप में डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव एवं डॉ. शैलिका रत्नाकर ने अपना योगदान दिया।





कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया, सभी वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। योग दिवस के इस आयोजन में संस्थान के कुलसचिव प्रोफेसर आनन्द मोहन, कोषाध्यक्ष श्रीमती स्नेह बिजलानी, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रोफेसर स्वामी प्रसाद सक्सैना एवं सभी कार्यक्रम अधिकारी, संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अक्षय सत्संगी द्वारा किया गया एवं संचालन डॉ. सुमन शर्मा ने किया।

संस्थान की एन. एस. एस. इकाई के साथ एन. सी. सी. कैडेट्स ने भी योग दिवस के मौके पर ताज के पार्श्व में 12 सीढ़ी मेहताब बाग़ सी.ए.टी.सी.–04 कैम्प में विभिन्न योगासनों की प्रभावी एवं सटीक प्रस्तुति के द्वारा योग दिवस सम्पन्न किया।

# संकाय समाचार

## अभियान्त्रिकी संकाय

'तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम' (तृतीय चरण) के समझौता ज्ञापन (एम. ओ. यू.) को डी. ई. आई. और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच हस्ताक्षरित कराने के लिए श्री गुरुमुख दास ने 19 जून, 2017 को लखनऊ में एक बैठक में भाग लिया। यह बैठक श्री अबरार अहमद विशेष सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने आहूत की थी।

## कला संकाय

प्रो. कमलेश कुमारी रवि द्वारा 'हिन्दी खासी अध्येता कोश', जो कि केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा से प्रकाशित है, इसमें खासी शब्दों के हिन्दी अर्थों को प्रस्तुत किया गया है। खासी भाषा पर यह एक प्रमुख शब्द कोश है।

डॉ. मधुलिका गौतम ने दिनांक 29 मई से 17 जून तक एकेडेमिक स्टॉफ कॉलेज जामिया मिलिया इस्लामिया द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

डॉ. सूरज प्रकाश (बड़त्या) ने बहुप्रतिष्ठित पत्रिका 'मन्तव्य' के दलित विशेषांक के अतिथि सम्पादक के रूप में पत्रिका का सफल सम्पादन किया जिसका कथाओं से सम्बन्धित प्रथम अंक मई 2017 में प्रकाशित हुआ। दलित कविताओं से सम्बन्धित द्वितीय अंक बहुप्रतीक्षित है।

डॉ. मधूलिका गौतम ने 'इनोवेटिव अप्रोच इन एप्लाइड साइंस एण्ड टेक्नोलॉजीज़' विषय पर आधारित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना



शोध पत्र 'डिफ्रेंशियल फ्रीक्वेंसी ऑफ अटैंडिंग महिला मंडल सेशन बाए बेनेफीशियलरीज़ इन रूरल एण्ड स्लम एरियाज़' मौखिक रूप से प्रस्तुत किया। सम्मेलन का आयोजन साइंटिफिक एजुकेशनल रिसर्च सोसायटी मेरठ, भारत एवं एल. के. सी. मेडीसिन्स नान्यांग टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के द्वारा किया गया। जिसके लिए उन्हें एक्सीलेंस इन कम्युनिकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।




डॉ. सूरज प्रकाश (बड़त्या) साहित्य जगत की लब्ध प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'युद्धरत आम आदमी' के भी सम्पादक नियुक्त हुए। जिसका जून माह का एक अंक प्रकाशित हो चुका है।

डॉ. नमिता त्यागी ने दिनांक 12 जून से 1 जुलाई, 2017 तक ऐकेडेमिक स्टॉफ कॉलेज शिमला में पुनःश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

डॉ. निशीथ गौड़ ने 'संस्मृति' वार्षिक पत्रिका के अध्यात्म विशेषांक का अतिथि सम्पादक के रूप में सफल सम्पादन किया।

## वाणिज्य संकाय

प्रो. प्रवीन सक्सैना का शोध पत्र विषय 'एन एनालायसेस ऑफ गवर्नमेण्ट टैक्स रिवेन्यू' इन्डिया इन्टरनेशनल जरनल ऑफ प्योर एड एप्लाइड साइंसिज वाल्यूम 2, मई 2017 में प्रकाशित हुआ।

डॉ. अनीशा सत्संगी का शोध पत्र विषय 'ट्रान्सफॉरमिंग इन्डिया – ए विज़न टूवर्डिस ए न्यू फैराडियम फॉर सोशियो – इक्नोमिक ग्रोथ इन इन्डिया थ्रू फाइनेन्शियल सरविसिज़ पैरिफोक्स' – इन्डिया जरनल ऑफ रिसर्च एन इन्टरनेशनल जरनल आई एस एस एन न. 2250–1991, इन्डैक्स कॉपरपनिकस वॉल्यूम 79–96 जरनल डी ओ आई 10–15/22501991 इम्पैक्ट फैक्टर – 5–761 वॉल्यूम 6 इशू –5 दिनांक मई 2017 में प्रकाशित हुआ।

डॉ. अनीशा सत्संगी ने शोध कार्यप्रणाली की कार्यशाला में एस.पी.एस.एस. विषय पर दिनांक 9–10 जून 2017, आईसैक्ट विश्वविद्यालय भोपाल में प्रमुख वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किये।

## विज्ञान संकाय

शोध छात्रा कु. प्रतिमा गुप्ता ने वायुमण्डलीय संरचना एवं एशियन मानसून कार्यशाला में भाग लिया जो कि जिनान विश्वविद्यालय गुआंगजों चाइना में 5–9 जून 2017 को आयोजित हुई, उन्होंने 'स्टडी ऑन कैरेक्टराइजेशन ऐमिशन एण्ड डिपोजिशन ऑफ ब्लैक कार्बन ओवर इण्डोगैंगेटिक बेसिन' पर मौखिक प्रस्तुति दी।

शोधार्थी पुनीत वर्मा ने नेशनल एटमॉस्फेरिक रिसर्च लैबोरेटरी तिरुपति में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन यू.पी.सी.ए.आर. 2017 में ''गैस केज मेजरमेन्ट ऑफ पॉलीसाइक्टिक ऐरोमेटिक हाइड्रोकार्बन्स'' विषय पर अपना शोधालेख प्रस्तुत किया, जिसके लिए उन्हें तीन हजार रुपए नकद इनाम के साथ मेरिट प्रमाण-पत्र एवं सर्वश्रेष्ठ शोधालेख पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

शोधार्थी पुनीत वर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आई.आई.सी.ए.क्यू.एम. 2017 में 'गैस पार्टिकल फेन डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ $PAH_S$ एट डिफरेण्ट साइट्स इन आगरा'' विषय पर अपना शोधालेख प्रस्तुत किया जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ शोधालेख के पुरस्कार से नवाज़ा गया। कार्यक्रम का आयोजन आई.आई.टी. नई दिल्ली के द्वारा किया गया।

शोधार्थी कुमारी सना अंसारी ने सेंटर ऑफ नैनोटैक्नोलोजी (एन.टी.), किंग अब्दुलाजिज विश्वविद्यालय जेदाह, साउदी अरब में अप्रैल 15 से जून 30, 2017 को इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर की यात्रा की। उन्हें उच्च शिक्षा मंत्रालय साउदी अरब के द्वारा उनके प्रयोग एवं शोध प्रबन्ध से सम्बन्धित कार्य के लिये फण्ड प्रदान किया गया। उन्होंने डॉ. ओमैरा अंसारी के साथ काम किया और सोफिस्टिकेटिड टेक्नीक VIZ., TEM, FE-SFM, XRD - रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी के ऊपर प्रयोग किये।

डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (डी.बी.टी.) ने डॉ. राजीव रंजन सहायक प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान को आई.जी.ई.एम. 2017, एम.आई.टी. बोस्टेन, यू.एस.ए. में हिस्सा लेने के लिए 10 लाख रुपये की राशि मंजूरी की है। इसके अन्तर्गत डॉ. राजीव रंजन मार्गदर्शक के रूप में 10 छात्रों को एम.आई.टी., बोस्टन, यू.एस.ए. ले जायेंगे जहाँ सारे छात्र बायोचिप पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। यह प्रतियोगिता 9-13 नवम्बर, 2017 को होगी।

दीपिन्ती गुप्ता एवं गौरी शर्मा, शोधार्थी, वनस्पति विज्ञान ने 15-16 जुलाई, 2017 को आई.जी.ई.एम. भारत सम्मेलन, आई.एस.एस.ई.आर. पुणे, महाराष्ट्र में हिस्सा लिया और दोनों ने अपने शोधालेख प्रस्तुत किये।

## समाज विज्ञान संकाय

डॉ. बीरपाल सिंह ठैनुआं ने सोशल, रिसर्च फाउण्डेशन कानपुर द्वारा दिनांक 9 अप्रैल, 2017 को आयोजित एक दिवसीय शोध पत्र लेखन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सामाजिक अनुसंधान में 'शोध पत्र लेखन विज्ञान या कला' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा यह 'इनोवेशन : द रिसर्च कान्सेप्ट' आई.एस.एस.एन. 2456-574, में प्रकाशित भी हुआ।

डॉ. बीरपाल सिंह ठैनुआ ने 'वूमेन इन मनरेगा : ए सोशियोलॉजिकल स्टडी ऑफ एम्पावरमेण्ट ऑफ वूमेन' विषय पर वर्तमान 'परिदृश्य में महिला उत्पीड़न' नामक पुस्तक में अध्याय लेखन में अपना योगदान किया। पुस्तक का प्रकाशन अनु बुक्स मेरठ द्वारा किया गया। आई.एस.बी.एन.

978-93-82166-76-4, 2017।

चन्द्रशेखर (शोध छात्र) एवं डॉ. लजबन्त सिंह ने 'वूमेन हेरेसमेंट एवं ह्यूमन राइट्स' विषय पर 'वर्तमान परिदृश्य में महिला उत्पीड़न' नामक पुस्तक में अध्याय लेखन में अपना योगदान दिया। पुस्तक का प्रकाशन अनु बुक्स मेरठ द्वारा किया गया। आई.एस.बी.एन. 978-93-82166-76-4, 2017।

डॉ. लजबन्त सिंह का शोध ग्रन्थ 'अनुसूचित जाति की महिलाएँ : विकास एवं परिवर्तन' का प्रकाशन एसोसिएट पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली द्वारा किया गया। आई.एस.बी.एन. 978-93-81778-48-7, 2017।

डॉ. रेशम चौपड़ा ने दिनांक 9 मई से 29 मई, 2017 तक आयोजित ह्यूमन रिसोर्स डवलपमेंट सेण्टर, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइन्सेस, देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया।

डॉ. जसप्रीत कौर एवं डॉ. रेशम चौपड़ा का शोध पत्र 'पर्सेप्शन ऑफ टैक्स पेयर्स टूवर्ड जी.एस.टी. फिजिकल एण्ड सोशल साइकोलॉजी मॉडल अप्रोच', इण्डियन अकाउटिंग रिव्यू जरनल, वॉल्यूम 21, सं. 1, जून, 2017 पृष्ठ 62-79 में प्रकाशित हुआ।

डॉ. रेशम चौपड़ा ने आई.पी.ई.आर. द्वारा 'यूजेवल डिलीवरेवल, आबडेटेवल रिसर्च', विषय पर 19 जून, 2017 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इन्वायरन्मेन्टल डिस्क्लोज़र पेटर्न ऑफ इण्डियन कॉज़' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. सुमिता श्रीवास्तव एसोसिएट प्रो. प्रबन्ध विभाग ने 5 जून-10 जून, 2017 को यू.एस.ए. के सेनडियागो शहर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार 'द साइन्स ऑफ कॉन्शियसनेस' में भाग लिया। यह सेमिनार सेन्टर फॉर कॉन्शियसनेस स्टडीज़, ऐरिजोना यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया जाता है। डॉ. सुमिता श्रीवास्तव ने डी.ई.आई द्वारा आयोजित 'ईस्ट वेस्ट फोरम' में 'इम्पैक्ट ऑफ सुरत शब्द योग ऑन आर्गेनाइजेशनल सिटीजनशिप बिहेवियर ऑफ इम्पलॉइज : ए मल्टी मेथड अनालिसिस' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## शिक्षा संकाय

सोना दीक्षित एवं रुचि गौतम द्वारा पेपर प्रस्तुतीकरण जिसका शीर्षक 'अ स्टडी ऑफ जेंडर डिस्क्रिमिनेशन अमंग सेकेण्डरी स्कूल स्टूडेन्ट्स' दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस 'जेंडर एक्टीविज़्म एण्ड पॉलिटिक्स इन इण्डिया एण्ड स्वीडन' पर 3-4 अप्रैल, 2017 में किया जिसका आयोजन यूनेस्को के लिए पीस एण्ड इण्टरकल्चरल अन्डरस्टेन्डिंग, मालवीय सेन्टर फॉर पीस रिसर्च, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, द्वारा किया गया।

डॉ. सोना दीक्षित और लक्ष्मी खण्डेलवाल द्वारा एक शोध पत्र का प्रकाशन किया गया, जिसका शीर्षक 'डेवलपमेन्ट ऑफ ए स्केल फॉर मेजरमेन्ट ऑफ ससटेनेबल हैबिट्स (एस. एच. एस.)' जो कि शृंखला एक शोधपरक वैचारिक पत्रिका नामक

जर्नल 04 एवं इशू 09 मई, 2017 में प्रकाशित हुआ।

डॉ. सोना दीक्षित द्वारा प्रकाशित एक शोध पत्र जिसका शीर्षक 'द ग्रास इज़ नॉट ग्रीनर ऑन द अदर साइड .... आर माइग्रेंट वर्कर्स हैप्पी? केस स्टडी ऑफ कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स इन नैनीताल' वॉल्यूम द्वितीय, इशू तृतीय, जून 2017।

डॉ. सोना दीक्षित को अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल ऑफ एडवांस हायर एजुकेशन रिसर्च एण्ड डेवलेपमेन्ट के एडिटोरियल मेम्बर के रूप में आमंत्रित किया गया। आई.एस.एस.एन. 2456–4826 तथा इम्पेक्ट फैक्टर 2–98 है।

शिक्षा संकाय ने डी.एल.एड. पाठ्यचर्या को एन.सी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्ति के रूप में उपलब्धि अर्जित की। पाठ्यचर्या के सुचारू संचालन हेतु पाठ्यक्रम निर्माण की प्रक्रिया के अन्तर्गत संकाय स्तरीय त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन 3, 4 एवं 6 जुलाई, 2017 को तीन सत्रों में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के विभिन्न तीन सत्रों की अध्यक्षता क्रमशः प्रो. के. सी. वशिष्ठ, प्रो. विभा निगम एवं प्रो. अर्चना कपूर ने की। समस्त संकाय सदस्यों ने अपना अमूल्य योगदान देकर पाठ्यचर्या को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। कार्यशाला प्रो. एन.पी.एस. चंदेल एवं डॉ. क्षमा पाण्डेय के संयोजन में सम्पन्न हुई।

## प्रेम विद्यालय

दिनांक 5 से 10 जून टी एस सी TSC (साइंस ऑफ कॉन्शियसनेस) द्वारा आयोजित कॉफ्रेंस में प्रेमविद्यालय के विज्ञान वर्ग की छात्रा सतगुरुप्यारी पी. ने 'कॉन्शियसनेस ऑफ वैल्यूज एण्ड राइटियस बिहेवियर ऑफ स्कूल स्टूडेन्ट्स' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

दिनांक 7 जुलाई, नॉर्थ अमेरिका के सत्संगी बच्चों ने न्यू डे बोर्डिंग स्कूल में प्रेम विद्यालय के अध्ययनरत छात्राओं के साथ आयोजित इन्टरैक्शन प्रोग्राम में मेहर भटनागर, दया कुमार, सुरतप्यारी तथा डी. स्वाती ने 'विद्यार्थी जीवन में माता–पिता एवं समाज का महत्त्व', 'डी.ई.आई. शिक्षा प्रणाली एवं को–करिकुलर एक्टीविटीज़ अपोर्च्यूनिटी आफ्टर स्कूलिंग' इत्यादि विषयों पर दोनों ही पक्षों में हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रभावी सम्भाषण किया।

कु. निहार सत्संगी (कक्षा–आठ प्रेम विद्यालय) ने चौथे राज्य स्तरीय विद्यार्थी ओलम्पिक खेल 2017 में जो कि विद्यार्थी ओलम्पिक असोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया में क्रमशः 400, 600, 800 1000 मीटर की स्केटिंग में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता का आयोजन 1–2 जून 2017 को हुआ।



# एन. सी. सी.

एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश रोमांचक तथा विभिन्न उपलब्धियों का रहा। इस दौरान कैडेट्स ने विभिन्न कैम्प्स में भाग लिया।

**अमरकंटक ट्रैकिंग कैम्प 2017**—आगरा ग्रुप मुख्यालय के 40 एन.सी.सी. कैडेट्स ने डी.ई. आई. के एन.सी.सी. ऑफिसर, लेफ्टिनेन्ट मनीष कुमार के सशक्त नेतृत्व में 24 मई से 31 मई, 2017 तक नर्मदा नदी, उद्‌गमस्थली, अमरकंटक में लगे रोमांच से परिपूर्ण 8 दिवसीय ट्रैकिंग कैम्प में भाग लिया। इस कैम्प में डी. ई. आई. के 8 कैडेट्स ने भाग लिया। कैम्प के दौरान कैडेट्स अंडर ऑफिसर इन्द्रजीत सिकरवार, अंडरऑफिसर विशाल पचौरी, सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल त्यागी को क्रमशः कैम्प सीनियर, कैम्प-2 आई.सी. तथा कैम्प दण्डपाल अधिकारी की नियुक्तियों से नवाज़ा गया। कैम्प के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डी. ई. आई. के सार्जेन्ट सक्षम राज गुप्ता, सार्जेन्ट सचिन शर्मा, कैडेट् रचित रंजन, कैडेट देवाशीष रॉय, कैडेट राहुल प्रताप द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

**31 मई—विश्व तम्बाकू निषेध दिवस**—विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के मौके पर डी.ई.आई. के कैडेट्स ने आर.ई.आई. इण्टर कॉलेज से नगला पदी होते हुए भगवान टॉकीज तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर रजत त्यागी, कैडेट हर्ष मेहता, कैडेट प्रियांशु शर्मा, कैडेट ध्रुवकुमार, कैडेट गोपाल उपाध्याय, कैडेट गौरव सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में आर. ई. आई. इण्टर कॉलेज के जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने भी भाग लिया। इस दौरान चीफ ऑफिसर लोकेन्द्र सिंह व लेफ्टिनेंट ए. के. द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

**सी.ए.टी.सी. 04 कैम्प**—उ. प्र. वाहिनी एन. सी. सी. आगरा से डी. ई. आई. के 56 एन. सी. सी. कैडेट्स ने एन. सी. सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट मनीष कुमार के नेतृत्व में 14 जून से 23 जून तक जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय कैम्प में भाग लिया। कैम्प के दौरान हर क्षेत्र में कैडेट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कैम्प के दौरान डी. ई. आई. के अंडर ऑफिसर विशाल पचौरी, सार्जेन्ट सचिन शर्मा, कैडेट अखिल राघव व कैडेट प्रवीन त्यागी को क्रमशः कैम्प सीनियर, ब्रावोकम्पनी सीनियर तथा आर. पी. हवलदार की नियुक्तियों से नवाज़ा गया।

कैम्प का मुख्य आकर्षण ड्रिल प्रतियोगिता रही। जिसमें डी. ई. आई. ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सम्पूर्ण चैम्पियनशिप जीती।

कैम्प के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डी. ई. आई. के कैडेट सुशील त्यागी को एकल गान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रसहन प्रतियोगिता में कैडेट सुशील को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। डी. ई. आई. के अंडर ऑफिसर विशाल

पचौरी, सार्जेण्ट सचिन शर्मा, सार्जेण्ट प्रियान्शु शर्मा, सार्जेण्ट प्रवीन रावत, कैडेट गौरव शर्मा एवं कैडेट गौरव सिंह द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गान प्रतियोगिता में एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में भी डी. ई. आई. को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। डी. ई. आई. के अंडर ऑफिसर विशाल पचौरी को 'बेस्ट कैडेट इन ड्रिल' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।











## सम्पादकीय मण्डल

संरक्षक : प्रो. पी.के. कालड़ा
परामर्शक : प्रो. आदित्य प्रचण्डिया
सम्पादक : डॉ. नमस्या
सहायक सम्पादक : डॉ. सूरज प्रकाश
डॉ. निशीथ गौड़
सम्पादन सहयोग : डॉ. कविता रायजादा
श्री अमित जौहरी

समाचार संयोजक : डॉ. अशोक यादव
डॉ. अभिमन्यु
डॉ. अनीशा सत्संगी
डॉ. राजीव रंजन
डॉ. बीरपाल सिंह ठेनुआ
डॉ. क्षमा पाण्डेय
श्री मयंक कुमार अग्रवाल
श्री मनीश कुमार
सुश्री प्रेम प्यारी